पत्रांक–अ०सं०क०–02–04 / 2023................ /

बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

श्री गौरव वैष्णव
House No.431, Block B, Haribhau Upadhyay Nagar Extension,
Ajmer, Rajasthan, 305004, Email id - gaurav.25vaishnav@gmail.com
तत्कालीन प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी,
अमौर, पुर्णियाँ।

निबंधित डाक / ई–मेल

पटना, दिनांक...................... /

**विषयः– अध्ययन अवकाश अवधि विस्तार अस्वीकृति के फलस्वरूप योगदान करने के संबंध में।**

प्रसंगः– विभागीय पत्र संख्या–1239, दिनांक–25.03.2026, पत्रांक–1760, दिनांक–13,05,2026 एवं गै०प्रे०सं०–432, दिनांक–16.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि एम०बी०ए० कोर्स करने हेतु विभागीय आदेश सं०–117, सह–पठित ज्ञापांक–1698, दिनांक–28.06.2023 द्वारा आपको बिहार सेवा संहिता के नियम 180(क) के तहत दिनांक–01.07.2023 से 30.06.2025 तक असाधारण अवकाश की स्वीकृति दी गई है। उक्त अवकाश के स्वीकृति के उपरान्त एम०बी०ए० का अंतिम प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु असाधारण अवकाश को दिनांक–20.12.2026 तक आपके द्वारा विस्तारित करने का अनुरोध किया गया।

विभागीय पत्रांक–702, दिनांक–12.02.2026 द्वारा आपको वित्त विभागीय परामर्श के आलोक में विभाग में दिनांक–28.02.2026 तक सशरीर उपस्थित होने का निदेश दिया गया। परन्तु आपके द्वारा विभाग में उपस्थित न होकर पुनः ई–मेल पत्र के माध्यम से अवकाश विस्तार का अनुरोध किया गया।

आपसे प्राप्त ई–मेल पत्र, वित्त विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराते हुए असाधारण अवकाश विस्तार के संबंध में पुनः वित्त विभाग, बिहार, पटना से परामर्श प्राप्त कर प्रासंगिक पत्र के द्वारा आपको अवगत कराते हुए असाधारण अवकाश अवधि विस्तार संबंधी आपके आवेदन को अस्वीकृत किया गया है।

उक्त के आलोक मे पुनः निदेशित किया जाता है कि पत्र निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अन्दर आप अपने पद पर योगदान करना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह समझा जाएगा कि आप इस सरकारी सेवा में योगदान करने को इच्छुक नहीं है एवं आपके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी। इसे अन्तिम स्मार समझा जाय।

**अनुलग्नकः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह०/-

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– अ०सं०क०–02–04 / 2023 3004 /    पटना, दिनांक 30/07/26 /

**प्रतिलिपिः–** आई०टी० मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

संजय 29.7.26

सरकार के संयुक्त सचिव